राजधानी में चला प्रशासन का बुलडोजर

352 करोड़ कीमत की जमीन से हटाया कब्जा

भोपाल (काप्र)।

प्रदेश की राजधानी में जिला प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर कब्जे पर प्रशासन का बुलडोजर चला। शासन की 20 एकड़ जमीन पर कब्जा वापस लिया गया है। इस जमीन की लीज खत्म कर निरस्त कर दी गई थी। जिसकी कीमत 352 करोड़ से अधिक आंकी गई है।

जिला प्रशासन जमीन का पुनर्स्थापन करने वाली ह। एसडीएम टीटी नगर संतोष, तहसीलदार अविनाश मिश्र, नगर निगम की टीम मौके पर मौजूद है। एसडीएम संतोष बिटोलिया का कहना है कि 352 करोड़ से अधिक जमीन की कीमत बताई जा रही है। गोकुल नाम के व्यक्ति को जमीन लीज़ पर दी गई थी. लीज़ ख़त्म हो चुकी है। संबंधित व्यक्ति को ख़त्म होने को लेकर नोटिस भी पूर्व में दिया जा चुका था। जमीन पर कुछ ऐसे निर्माण थे, जिन्हें ध्वस्त किया जा रहा है क्योंकि पहले से ही वो काफी जर्जर हालत में थे। आगे की पूरी कार्रवाई शासन के जरिए की जाएगी। लीज अवधि खत्म होने के बाद प्रशासन ने नगर निगम अमले की मदद से ये कार्रवाई की। शनिवार को जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 एकड़ शासकीय जमीन का कब्जा वापस लिया है। इस जमीन की कीमत लगभग 100 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश शासन की 20 एकड़ जमीन पर वापस कब्जा लिया है। एसडीएम टी टी नगर संतोष, तहसीलदार अविनाश, नगर निगम का अमला मौके पर करवाई कर रहे है। इस 20 एकड़ जमीन की लीज खत्म होकर निरस्त कर दी गई थी। आज कब्जे धारी से 20 एकड़ जमीन जिसकी अनुमानित 100 करोड़ से अधिक की कीमत की जमीन का जिला प्रशासन द्वारा कब्जा लेकर पुनर्स्थापन किया जा रहा है। टीटी नगर वृत्त में न्यायिक अकादमी के पीछे स्थित 20 एकड़ जमीन को लीज पर दिया गया था। जिसकी लीज अवधि खत्म हो गई है। इसके बावजूद यहां से कब?जा नहीं हटाया गया। इसी वजह से कलेक्टर ने लीज को निरस्त कर दिया और उनके निर्देश पर शनिवार सुबह कब्जा हटवाने की कार्रवाई की गई।

जिला पेंशनर्स का 11 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कल

भोपाल। प्रांतीय निकाय के निर्णय अनुसार कल 29 मई को विंध्याचल भवन के सामने भोपाल जिले के पेंशनर्स अपनी 11 सूत्रीय लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए अपरान्ह 4: 00 से 6:00 बजे तक लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन करेंगे । वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी ने बताया कि पेंशनर्स की 11 सूत्री मांगों के निवेदनात्मक स्मरण कराने के उपरांत भी आज दिनांक तक शासन द्वारा निराकरण नहीं किया गया। शासन द्वारा मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है, जिसके कारण प्रदेश के पेंशनर्स आक्रोशित हैं । प्रदेश उपाध्यक्ष एलएन कैलासिया एवं जिला शाखा भोपाल अध्यक्ष आमोद सक्सेना ने बताया कि मध्य प्रदेश प्राध्यापक पेंशनर संघ, शासकीय अनुदान महाविद्यालय प्राध्यापक संघ मध्यप्रदेश, राजपत्रित पेंशनर संघ, डिप्लोमा इंजीनियर पेंशनर्स संघ, मध्यप्रदेश विद्युत पेंशनर हितरक्षक संघ, मध्य प्रदेश स्टेट पुलिस सर्विस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, पुलिस पेंशनर संघ मध्यप्रदेश, मध्य प्रदेश रिटायर्ड रेंजर्स वेलफेयर सोसाइटी, माध्यमिक शिक्षा मंडल पेंशनर कर्मचारी संघ संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।

शीर्ष डिजिटल प्लेटफार्म वर्ल्डप्रेस की 20वीं वर्षगांठ का रंगारंग सेलिब्रेशन

भोपाल (काप्र)।

राजधानी में आज वर्ल्डप्रेस मीटअप का आयोजन किया गया, जहां भोपाल की वर्डप्रेस कम्युनिटी ने शीर्ष डिजिटल प्लेटफॉर्म वर्डप्रेस द्वद्व 20वीं वर्षगांठ मनाई।

विश्वभर में 150 लोकेशंस में वर्डप्रेस की ये माइलस्टोन सेलिब्रेट की गई. द्वद्य मीटअप को शहर भर के लगभग 50 लोगों ने अटेंड किया। वर्ल्डप्रेस मीटअप विभिन्न डोमेन के प्रोफेशनल्स छात्र और वर्ल्डप्रेस टेक्नोलॉजी में रुचि रखने वाले लोगो को एकत्रित करने का एक ज़रिया है। यहां सदस्यों को अपने अनुभव साझा करने, नवीनतम वेब डेवलपमेंट और डिजाइन तकनीकों के बारे में सीखने और नवीनतम ट्रेंड्स को जानने का मौका मिलता है। वर्डप्रेस वेब डेवलपमेंट, डिजाइन और कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाता रहा है।

यह मीटअप भोपाल के आईटी क्षेत्र में एक बहुत बड़ा वेब डेवलपमेंट और डिजाइन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ। सदस्यों ने इस अवसर का उपयोग करके नवीनतम ट्रेंड्स और तकनीकों को जानने का अवसर प्राप्त किया और नए साथियों के साथ नेटवर्किंग का आनंद लिया। यह मीटअप वर्डप्रेस भोपाल कम्युनिटी के द्वारा आर्गेनाइज किया गया। वर्डप्रेस भोपाल कम्युनिटी की नींव 2015 में आदित्य शाह जो की वर्ल्डप्रेस समुदाय में होस्टिंग सपोर्ट मैनेजर हैं, के द्वारा रखी गयी। इस मीटअप के द्वारा अटेंडेस को वर्ल्डकैम्प, जो कि आगामी सितंबर 2023 में शहर में आर्गेनाइज होगा, की घोषणा की गयी। आगामी वर्षों में भी ऐसे मीटअप आयोजित होने की उम्मीद है, जो वर्ल्डप्रेस समुदाय को और उनके उपयोगकर्ताओं को एकीकृत रखेगा और वेब डेवलपमेंट के क्षेत्र में नवीनतम विचारो बांटने का का अवसर प्रदान करेगा।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने चलेगा विशेष अभियान

भोपाल (काप्र)।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भोपाल जिले में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2023 की प्रारंभिक गतिविधियाँ 25 मई 2023 से शुरू हो गई है। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधि 4 अक्टूबर 2023 तक चलेगी।

इस दौरान नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, वोटर आईडी कार्ड में संशोधन के लिए शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर भी लगाएं जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर, मतदाताओं को 2 किमी से अधिक दूरी न तय करना पड़े, एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या न होने, एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर होने के लिए कार्यवाही करेंगे ।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सर्वे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्री-रिवीजन गतिविधि के दौरान 25 मई से 23 जून तक बीएलओअपने मतदान केंद्र अंतर्गत आने वाले मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 2 अगस्त को जिला मुख्यालय में 2 अगस्त को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। राजनीतिक दलों को प्रारूप की प्रति उपलब्ध कराई जाएगी। दो अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, मृत मतदाता और दोहरी प्रवृष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इसके साथ ही जो नागरिक 1 अक्टूबर 2023 की तारीख पर 18 साल की उम्र पूरी कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन लिए जाएंगे। दो अगस्त से 31 अगस्त तक समस्त बीएलओ अपने अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे। 31 अगस्त तक प्राप्त हुए आवेदनों का निराकरण 22 सितंबर 2023 तक किया जाएगा। चार अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2023 को 18 साल की उम्र पूरी करने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के पात्र होंगे। शनिवार एवं रविवार को लगेंगे विशेष शिविर द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन की वार्षिक सभा का समापन

भोपाल (काप्र)।

राजधानी में शनिवार को भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा होटल शीशम मैं शनिवार को संपन्न हुई।

वार्षिक सभा मैं चेयरमैन प्रदीप करंबेलकर ने सब सदस्यों का स्वागत किया, महासचिव अजय कुमार वर्मा ने बीएमए की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया की गत वर्षों में कोरोना के बावजूद गतिविधियां होती रही जो की सदस्यों के सहयोग का परिणाम है। आगामी वर्षों मै भी कार्यक्रमों का विस्तार करेंगे। कोषाध्यक्ष ने वार्षिक अकाउंट्स प्रस्तुत किए। कुछ विधान के संशोधन भी पारित किए। राजेश तिवारी पूर्व उपाध्यक्ष ने सुचाव दिए की आगामी वर्ष मैं बीएमए को इंडस्ट्री में फोकस किया जाय अन्य सदस्यों ने भी सुझाव दिए। आभार प्रदर्शन को चेयरमैन आर जी दिवेदी ने किया। एजीएम का संचालन महेंद्र जोशी ने किया।

दिल्ली में अब कल होगी कांग्रेस की बैठक

भोपाल (काप्र)।

मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं की दिल्ली में होने वाली बैठक अब 29 मई को होगी। इस बैठक में मध्य प्रदेश की आगामी चुनाव की रणनीति पर चर्चा होगी।

इससे पहले 24 मई और 26 मई को दो बार बैठक टल गई है। 26 मई को होने वाली बैठक के लिए कांग्रेस नेता दिल्ली पहुंच गए थे, लेकिन उनको गुरुवार शाम को बैठक स्थिगित होने की जानकारी नेताओं को दी गई। इसका कारण कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार बताया गया। अब बैठक के लिए नई तारीख घोषित की गई है। बैठक में कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, अजय सिंह, अरुण यादव और विवेक तन्खा शामिल होंगे। बैठक को लेकर पीसीसी चीफ और कमलनाथ ने भोपाल में जिला प्रभारियों के साथ होने वाली बैठक रद्द कर दी है। बता दें इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव है। इन प्रदेशों के दिग्गज नेताओं के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी चर्चा करेंगे।

बैठक में पीसीसी चीफ कमलनाथ प्रदेश में चुनावी तैयारी को लेकर जानकारी देंगे। कांग्रेस की योजना भाजपा की 18 साल की सरकार के भ्रष्टाचार के मुद्दे को घेरने और लोकलुभावन वादों से वोटरों को साधेंगी। इसमें नारी सम्मान योजना जिसमें कांग्रेस महिलाओं को 15सौ रुपए प्रतिमाह और 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया है। 100 यूनिट बिजली माफ और 200 माफ, किसानों की कर्ज माफी, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने समेत अन्य वादें शामिल है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली में रोपा चंपा का पौधा

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली प्रवास के दौरान नवीन मध्यप्रदेश भवन परिसर में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चंपा का पौधा लगाया।

युवती को फोटो भेजने के बाद युवक ने बेल्ट का फंदा बनाकर लगा ली फांसी

भोपाल(काप्र)।

बागसेवनिया थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने फॉसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या से पहले युवक ने परिचित युवती को कुछ फोटो भेजकर आत्महत्या की बात कही थी।

फिलहाल घटना के कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, जिसकी पुलिस जॉच कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि गणेश मंदिर के पास बागसेवनिया में रहने वाला 22 वर्षीय आकाश भंडारी पिता भगवान भंडारी बारहवीं तक पढ़ा था, कुछ दिन उसने एमपीईबी में आउटसोर्स पर काम किया था, लेकिन फिलहाल वह बेरोजगार था। उसके पिता भगवान भंडारी टीवी रिपेयरिंग का काम करते हैं। भगवान भंडारी के परिवार में पत्नी, दो बड़ी बेटियां और छोटा बेटा आकाश था। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी हैं। पिता ने पुलिस को बताया कि देर रात एक लड़की ने उनके नंबर पर फोन कर और बताया कि उनके बेटे आकाश ने उसे कुछ फोटो हैं, इन फोटो में वह फांसी लगाते हुए दिखाई दे रहा है। युवती की बात सुनकर भगवान फौरन ही बेटे के कमरे में पहुंचे। वहॉ उन्हे आकाश का शरीर टीनशेड पर लगे पाइप पर बेल्ट से बने फंदे पर लटका हुआ मिला। पड़ोसियों की मदद से पिता बेटे को फंदे से उतारकर तत्काल इलाज के लिये एम्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। लेकिन वहां डॉक्टर ने शुरुआती चेकअप के बाद ही आकाश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। जॉच टीम का कहना है, कि घटनास्थल की छानबीन करने के साथ ही पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन जप्त कर लिया है, जिसकी कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस परिजनो के साथ ही उस युवती से भी पूछताछ करेगी, जिसे आकाश ने फोटो भेजे थे।

तेल आंधी के बीच आठ साल किशोरी की कुएं में डूबने से मौत

भोपाल (काप्र)। चली तेज आंधी-तूफान के दौरान नजीराबाद थाना इलाके में घर से बाहर निकले 8 साल मे मासूम की घर के पास बने कुएं में गिरने से डूबकर मौत हो गई। रात भर खोजबीन के बाद अगली सुबह परिवार वालो को उसका शव कुएं में पड़ा नजर आया था। थाना पुलिस के अनुसार ग्राम पीपाखेड़ी नजीराबाद में रहने वाला अजय अहिरवार पुत्र कमलेश अहिरवार मानसिक रूप से कमजोर था, और अधिकतर घर में ही रहता था। गुरुवार-शुक्रवार रात करीब 2 बजे आये तेज आंधी-तूफान के चलते घर वाले बाहर निकले और सामान समेटने लगे। परिवार वाले अजय पर नजर रखते थे, लेकि उस समय उनकी नजरो से बचकर अजय घर से बाहर निकल गया। बाद में उसके नजर न आने पर परिजनो ने आसपास के इलाके में उसकी काफी खोजबीन की लेकिन अजय का कुछ पता नहीं चला। अगली सुबह करीब ग्यारह बजे परिवार सहित गॉव के लोग उसे तलाश करते हुए मकान के पास स्थित खेत पर बने कुएं पर पहुंचे तो उन्हें अजय का शव पानी में पड़ा नजर आया। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए उसे पीएम के लिये भेजा जहॉ से बाद में शव परिजनो को सौंप दिया गया।

स्कोप कैम्पस में हेल्थ चेकअप कैम्प आयोजित

भोपाल (काप्र)।

आईसेक्ट द्वारा स्कोप कैम्पस में विशेष हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया।

इस कैम्प का आयोजन आईसेक्ट एवं उसके संबंधित संस्थानों में कार्यरत एम्पलाइज के लिए किया गया था जिसमें जनरल हेल्थ चेक अप नोबल मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया। इसके तहत लंबाई, वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर, पल्स, बीएमआई, एसपीओ2, ईसीजी इत्यादि चेकअप हुए। डेंटल चेकअप भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की टीम द्वारा किया गया। आंखों के चेकअप के लिए एएसजी अस्पताल से आई टीम ने विशेष कैंप लगाया और आंखों के टेस्ट किए। इस आयोजन में आईसेक्ट की ओर से 250 से अधिक लोगों ने हिस्सा लेते हुए हेल्थ चेकअप कराया। आईसेक्ट के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि हम एम्प्लाइज को सेहत के प्रति जागरुक करने के लिए विभिन्न आयोजन करते रहते हैं। इसी कड़ी में हेल्थ चेकअप कैंप भी एक अनूठा प्रयास है जिसमें जनरल हेल्थ चेकअप के साथ डेंटल एवं आई चेकअप का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन आईसेक्ट की कॉर्पोरेट एचआर टीम द्वारा किया गया था जिसमें प्रमुख रूप से एचआर हेड सुमित मल्होत्रा, सोनाली शुक्ला, राशि, अभिषेक, शुभम, शिवानी और आईसेक्ट एडमिन हेड मनमोहन सोनी का विशेष सहयोग रहा।

आनंद नगर में होगा नवीन वाचनालय भवन का निर्माण : चौधरी

भोपाल (काप्र)।

निगमायुक्त केवीएस चौधरी ने शहर की सड़कों के कायाकल्प योजना के अंतर्गत बीआरटीएस कॉरीडोर सहित विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में सड़कों का निरीक्षण किया और घरों से पानी बहाकर सड़क को क्षति पहुंचाने वाले 02 भवन स्वामियों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

श्री चौधरी ने जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 11, 12, 13, जोन क्रमांक 05 के वार्ड क्रमांक 22, जोन 15 के वार्ड क्रमांक 64, जोन क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 56, 57, जोन क्रं 13 में प्रचलित एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों का जायजा लिया एवं निगम अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने आनंद नगर चौराहा वार्ड क्रमांक 64 में निगम के पुराने वाचनालय भवन के स्थान पर नये भवन के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एमपी सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगमायुक्त ने शनिवार को शहर की सड़कों के कायाकल्प योजना के अंतर्गत जोन क्रमांक 03 के वार्ड क्रमांक 11 में शाहजहांनाबाद क्षेत्र स्थित पुरानी अदालत के पास सुल्तानिया मस्जिद के सामने वाला रोड, कुम्हारपुरा रोड, रेजीमेंट रोड, नारियलखेड़ा टंकी से आरिफ नगर तक सड़कों का निरीक्षण किया और सड़कों के गड्डे आदि भरकर मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुम्हारपुरा क्षेत्र स्थित भवन स्वामी द्वारा नवनिर्मित सड़क पर पानी बहाकर सड़क को क्षति पहुंचाने के दृष्टिगत भवन स्वामी को पानी न बहाने की समझाइश दी और उनके विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। रेजीमेंट रोड पर दो स्थानों पर पानी के लीकेज तत्काल सुधारने के निर्देश संबंधित यंत्री को दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने जोन क्रमांक 05 वार्ड क्रमांक 22 के अंतर्गत गिन्नौरी क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा जोन क्षेत्र के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान वार्ड कार्यालय के सामने

तंदूर हट के पास भवन स्वामी द्वारा काफी मात्रा में सड़क पर पानी बहाये जाने पर भवन स्वामी पर 05 हजार रूपये का स्पॉट फाईन करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने जोन क्रमांक 15 के अंतर्गत सोनागिरी बी सेक्टर में कुबेर डेयरी से चानी टाइल्स की ओर जाने वाली सड़क, पुष्प वाटिका सड़क एवं सतनामी नगर सड़क का निरीक्षण कर सड़कों के निर्माण कार्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने वार्ड क्रमांक 64 आनंद नगर में स्थित निगम के पुराने वाचनालय भवन के स्थान पर नवीन वाचनालय भवन के निर्माण हेतु योजना बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करने क निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने जोन क्रमांक 14 अंतर्गत 3ए साकेत नगर का निरीक्षण किया तथा वार्ड क्रमांक 56 एवं 57 के विभिन्न क्षेत्रों में कायाकल्प योजना अंतर्गत प्रस्तावित सड़कों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने सड़कों के डामरीकरण कार्य वर्षाकाल के पूर्व मानक स्तर की गुणवत्ता के साथ अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पति और बच्चे को बाजार भेजकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल(काप्र)। शहर के शाहजहांनाबाद क्षेत्र में नव विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। मृतका ने अपने पति और बच्चे को बाजार भेज दिया था। फिलहाल खुदकुशी के सही कारणो का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन शुरुआती जॉच में सामने आया है कि नवविवाहिता जेठ द्वारा मकान में कराये जा रहे छोटे-मोटे निर्माण को लेकर नाराज चल रही थी, हालांकि उसके पति को भाई से कोई शिकायत नहीं थी, और उसने पत्नि को भी इसका विरोध न करने की समझाईश दी थी। संजय नगर में रहने वाली 26 वर्षीय नाजिया खान पति फरहान खान गृहणी थी, उसका जबकि पति फेब्रिकेशन का काम करता है। उनके एक बच्चा भी है। बीती शाम करीब पांच बजे नाजिया ने पति से फरहान से बच्चे को बाजार से कपड़े दिलाने को कहा। उसकी बात मानकर फहरान बच्चे को लेकर मार्केट चला गया।

पश्चिम मध्य रेल

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, कोटा

(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या E-66235292 & E-66235288)

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना, पश्चिम मध्य रेल, कोटा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदा आमंत्रित करते हैं। कोई भी व्यक्तिगत/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए www.ireps.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

S. N.	Tender No.	Short Description	Tendered Qty.	Opening Date	Earnest Money	Estimated Value (INR)
01	E-66235292	EQUALISING LEVER FOR BOXNHL WCCS WAGON (L-335MM) TO RDSO DRG. No. WD-09057-S-01, ALT-02 OR LATEST, ITEM No. 10	2000 Nos.	27.06.2023 12.30 Hrs.	66,170/-	33,08,460/-
02	E-66235288	Equalising lever complete with bushes to RDSO's DRG. No. SK-69597, ALT.-41 OR LATEST, ITEM Nos. 1, 5, 6 & 7.	2000 Nos.	27.06.2023 12.30 Hrs.	67,320/-	33,65,820/-

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, कोटा.

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

In The Court of XII Civil Judge Class-I, District Court, Bhopal

Presiding Officer : श्रीमती अश्विनी सिंह

(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक **(MJC SUC/0000042/2023)**

कविता उर्फ गीता ऐडे.....आवेदक

VS

लक्ष्मी ऐडे.....अनावेदक

Process ID-/2023

पेशी दिनांक - 11/07/2023

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण पता- जिला भोपाल म.प्र. (2) आम जनता । आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कविता उर्फ गीता ऐडे पता ने मृतक सर्वसाधारण निवासी भोपाल की राशि/ संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र जमा करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11 July 2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 11 July 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज दिनांक तारीख 18 May 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें-1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश, श्रीमती अश्विनी सिंह

1578 सील **बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार जिला-भोपाल

सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)

क्र.-क्यू भोपाल, दिनांक:20.05.2023

प्रति, 1. मोहित रोचलानी आ. प्रेम रोचलानी शाहपुरा, भोपाल, 2. चन्द्रेश श्रीवास्तव आ. विजय कुमार श्रीवास्तव मेसर्स भगवती रियल्टी द्वारा संजय बूलचंदानी आ. डी.डी. बूलचंदानी कुमारी अरूण दुआ आ. राम नि. भोपाल। **विषय-** सीमांकन किये जाने बाबत् सूचना पत्र। **संदर्भ** -न्यायालय तहसीलदार, कोलार भोपाल के रा.प्र.क्र. MPTURN110520230010037/अ-12/2023-24 दिनांक 11.05.23 के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम बागमुगालिया प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 352/15 रकबा 0.150 हैक्टेयर कुल रकवा ... हे. जो कि आवेदक/ आवेदिका प्रखर मित्तल पुत्र कमल मित्तल एवं श्रीमती शालिनी मित्तल पत्नी कमल मित्तल निवासी के नाम से है, का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 28.05.23 को समय...बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जा सकेगा। अत्यावश्क शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

1579 सील **राजस्व निरीक्षक, तहसील कोलार, जिला-भोपाल**